## आयरन की बजाए पीसीसी पोल पर लगाए जा रहे ट्रांसफार्मर, नपा ने फिर रुकवा दिया काम

### पीसीसी पोल टूटकर गिरने जैसी घटनाओं से लोगों की जान को खतरा

जागरण, ब्यावरा

शहर में ओल्ड एबी रोड पर लगे ट्रांसफार्मर के लोड सेपरेशन के लिए लगाए जा रहे नए वैकल्पिक ट्रांसफार्मर में ठेकेदार कंपनी बड़ा गड़बड़झाला कर रही है। शहर के लोगों को खतरे में डाल रही है। जबकि विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसको लेकर नपाध्यक्ष प्रतिनिति पवन कुशवाह ने बुधवार को दूसरी बार ट्रांसफार्मर लगाने का काम रुकवाया।





दरअसल शहर में विद्युत सप्लाई में बढ़ रहे लोड को कम करने के लिए बड़े प्रोजेक्ट के तहत 27 ट्रांसफार्मर ओल्ड एबी रोड पर लगना है, लेकिन कंपनी इन ट्रांसफार्मर को आयरन पोल पर न लगवाते हुए पीससी पोल पर लगवा रही है और मैन रोड पर लोगों को खतरे में डालने का कार्य कर रही है। जबकि नियमानुसार रोड पर लगने वाले ट्रांसफार्मर को आयरन पोल पर लगाना चाहिए, जिससे हादसे के दौरान बड़े नुकसान का अंदेशा न रहे। साथ ही आयरन पोल पर ट्रांसफार्मर का लोड भी बैलेंस हो सके। कार्य को गुणवत्ता पूर्ण होने के कारण नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने इस कार्य को बंद कराया है और विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से इस कार्य को आयरन पोल पर करने की बात कही है। ओर तो ओर बिजनी कंपनी ने इस कार्य कर नपा से भी एनओसी नहीं ली गई है।

**शहर में 81 लाख में लगने है 27 पोल :** जानकारी के अनुसार नगरीय क्षेत्र इस प्रोजेक्ट के तहत 27 ट्रांसफार्मर लगाने है। जो करीब 81 लाख रुपए की लागत से लगने वाले है प्रत्येक ट्रांसफार्मर की कीमत 3 लाख बताई जा रही है। जबकि जानकारों के अनुसार पीसीसी पोल पर कम लागत में ही कार्य हो जाता है। जानकारी के अनुसार जिले भर में यह कार्य 700 करोड़ की लागत से होना है, लेकिन शुरुआती दौर में ही इस कार्य में खामियां नजर आने लगी।

**रेलवे चौराहे पर लगे जाम को खुलवाने पहुंची पुलिस :** नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री कुशवाह ने बताया कि इस संबंध में एसडीएम गीतांजलि शर्मा और पुलिस थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ को भी सूचित किया गया था। अध्यक्ष प्रतिनिधि के पहुंचने के बाद रेलवे चौराहे पर नपा अमला भी पहुंच गया और बिना अनुमति के लगाए गए पोल को हटाने के लिए जेसीबी को बुलाया गया। काफी देर तक कंपनी के वर्कर ने पोल और ट्रांसफार्मर नहीं हटाया तो नपा ने जेसीबी चलाने की बात कही। इसके बाद ठेकेदार कंपनी के इंजीनियर राजीव शर्मा ने ट्रांसफॉर्मर और पीसीसी पोल हटाए। इंजीनियर राजीव शर्मा के अनुसार हमें जो स्टीमेट मिला है, उसके अनुसार काम कर रहे हैं, कोई संशोधन होगा तो आयरन पोल लगाएंगे। मामले की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी धाकड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों की सुरक्षा के नजरिए को ध्यान में रखते हुए कंपनी के इंजीनियर और अन्य लोगों से पोल हटाने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशवाह समेह, नपा के पार्षद और नपा अमले के साथ कई लोग यहां एकत्रित हो गए। जिससे वाहनों का जाम भी लग गया।

### हादसे का खतरा, काम बंद कराया

कार्य को पीसीसी पोल पर किया जा रहा है जो ठीक नहीं है और न ही नगर पालिका से किसी प्रकार की एनओसी ली गई है। इससे हादसे का खतरा बना हुआ है। इसलिए कार्य बंद कराया है।

**पवन कुशवाह**
**अध्यक्ष प्रतिनिधि नपा परिषद ब्यावरा**

यह कार्य पूर्व सर्वे के आधार पर किया जा रहा है। आपत्ति के बाद वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर रिपोर्ट भेजी जाएगी और कार्य में सुधार किया जाएगा।

**अजीत भूमरकर, सहायक अभियंता**
**विद्युत वितरण कंपनी ब्यावरा**

## न्यूज कार्नर

### गांव लौटे सैनिक का किया स्वागत



**ब्यावरा।** वर्ष 2005 में शासकीय उ.मा.विद्यालय भीलवाडिया से हायर सेकंडरी उत्तीर्ण कर 2008 में भारतीय थल सेना में भर्ती हुए तथा 17 वर्ष सफलतापूर्वक नौकरी कर जब सेवा निवृत्त होकर गांव लोटे। इस दौरान पूरे गांव में ढोल-तासे के साथ गांव के लाल का साफा पहनाकर भव्य स्वागत, अभिनन्दन कर जुलूस निकाल कर स्वागत किया गया। वहीं भीलवाड़िया विद्यालय परिवार की ओर से भी छात्र सैनिक मोहनलाल यादव का फूलमाला पहनाकर किया आत्मीय स्वागत किया गया। स्कूल में प्रभारी प्राचार्य भरत गोयल, शिक्षक निरंजन गुर्जर, सीमा सक्सेना, पीटीआई सचिन सर, लखन यादव, संतोष वर्मा, रीना कटारीया, आरएस लहरी, ओपी शर्मा, विकास जाटव, शुभम शर्मा,जीवन सर, आरडी प्रजापति, संदीप दुगारिया, नेहा यादव, गोविंद यादव दामोदर गुर्जर के एल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### खेत में आग से 8 बीघा में गेहूं खाक

**ब्यावरा।** राजगढ़ के छतरपुरा गांव में मंगलवार रात को किसान यलकार सिंह के खेत में रखी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन दमकल वाहन के पहुंचने से पहले ही पूरी फसल जलकर राख हो गई। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग दुर्घटनावश लगी या किसी ने जानबूझकर लगाई। हालांकि, स्थानीय ग्रामीणों ने गांव में किसी शादी के झगड़े के चलते आगजनी की आशंका जताई है। किसान यलकार सिंह ने बताया कि इस घटना में करीब 8 बीघा गेहूं की कटकर रखी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे उसे लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मेहनत से उगाई गई फसल राख होने से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस आगजनी की जांच कराने और प्रभावित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है। प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया है और घटना की छानबीन जारी है।

### नप की बैठक में कोई नया कर नहीं लगाया



**सुठालिया।** नगर परिषद का साधारण सम्मेलन मंगलवार को तहसील कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नप अध्यक्ष श्रीमति लक्ष्मीबाई लोधी, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, बारह वार्डो के पार्षद गण सांसद प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, सीएमओ रईस खान एवं निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु राशि रूपये 49,31,22,624 का पारित किया गया। बजट सहित कुल 7 बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिसमें से एजेण्डा बिन्दु क्रं. 2 वार्ड क्रं. 14 में मुख्य सड़क से डकन्यापुरा माताजी तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में समग्र रूप से विचार विमर्ष उपरांत बतुमत के आधार पर डामरीकृत सड़क के स्थान पर सीसी रोड निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। एवं एजेण्डा बिन्दु क्रं. 3 वार्ड क्रं. 03 में गुराड गोया से नगर परिषद सीमा नारवे सड़क तक डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य की प्रषासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में समग्र रूप से विचार विमर्ष उपरांत बहुमत के आधार पर प्रस्ताव निरस्त किया गया। शेष 05 प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान की गई।

बारिश से फसलों को लेकर किसान चिंतित, हाट बाजार में लोग परेशान

## मौसम ने ली करवट : शाम को गरज-चमक के साथ हुई बैमोसम बारिश

जागरण, ब्यावरा/जीरापुर



बुधवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। शाम को अचानक बादल छाने के साथ तेज हवाएं चली। वहीं कहीं कहीं बूंदा बांदी तो कहीं तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम परिवर्तन होने से नगर में बादलों की गरज -चमक के साथ जीरापुर क्षेत्र में बेमौसम बारिश हुई। मावठे की इस बारिश से किसान चिंतित हो गए हैं। साथ ही नगर में लगने वाले सा‌प्ताहिक हाट बाजार में दुकानदार सहित लोग परेशान हुए। बुधवार शाम करीब 6 बजे अचानक मौसम परिवर्तन के चलते आसमान में छाए बादल गरज- चमक के साथ बरसने लगे हुई बारिश से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

नगर में बुधवार को सुबह से ही धूप चमकती रही। ऐसे में दोपहर पश्चात अचानक मौसम की रंगत बदल गई और शाम को अचानक आसमान पर काली घटा छा गई और हवा चलने के साथ गरज चमक के बीच रुक रुक कर करीब आधे घंटे से अधिक बारिश होती रही । मौसम परिवर्तन के साथ हुई मावठे की बारिश से किसान वर्ग अपनी फसलो को लेकर चिंतित दिखाई दिये। गौरतलब है कि किसानों के खेत खलिहानों में गेहूं सहित अन्य रबी सीजन की फसल कटी पड़ी है। हालांकि की कई किसानों ने अपनी फसल को निकलवा कर घर या मंडी में पहुंचा दिया है, लेकिन जिन किसानों की फसलें खेतों में खड़ी या खेत खलिहानों में कटी पड़ी हुई है, वे चिंतित हो गए, लेकिन कुछ समय बाद बारिश थम गई, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली।

### हाट बाजार में दुकानदार हुए परेशान

नगर में बुधवार को सप्ताहिक बाजार लगता है ऐसे में शाम को हुई अचानक मावठे की बारिश से हॉट बाजार में लगी दुकानों के त्रिपाल उड़ने लगे इस दौरान दुकानदारों ने जैसे तैसे अपने सामान को बरसादियो से ढककर खुद को बारिश से बचाते हुए दिखाई दिए वही बादलों की गड़गड़ाहट से लोग सहम गये । ऐसे में अचानक गरज- चमक के साथ हुई बारिश से हाट बाजार में कई दुकानदार भिग गये वहीं लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### पूर्व विधायक स्व. दांगी की स्मृति में भजन संध्या का आयोजन आज

**ब्यावरा।** मां नर्मदाजी के अनन्य भक्त ब्यावरा विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय गोवर्धन दांगी की जन्मजयंती गुरुवार 3 अप्रैल को मनाई जाएगी। इस मौके पर हर साल की तरह इस वर्ष भी भगवान खाटू श्यामजी की भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या गुरुवार शाम 7 बजे अहिंसा द्वार चौराहा शासकीय अस्पताल रोड ब्यावरा पर आयोजित की जाएगी। आयोजक डॉ विश्वनाथन गोवर्धन दांगी, जिला पंचायत सदस्य ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं एवं श्याम प्रेमियों से भजन संध्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया है।

## दिनदहाड़े बीच सड़क पर चाकू से गला रेतकर की युवक की हत्या, दो घायल

### रंजिश को लेकर आरोपियों ने दिया घटना को अंजाम, एक दर्जन लोगों पर मामला दर्ज

जागरण, ब्यावरा

सारंगपुर में दो मुस्लिम परिवारों में बुधवार को पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया है। घटना में एक पक्ष ने नगारची इमली कीडी रोड पर चाकू से गला रेतकर दूसरे पक्ष के युवक की हत्या कर दी। विवाद में 2 लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए शाजापुर रेफर किया गया है। वहीं हमले के बाद आरोपी फरार हो गया।

घटना बुधवार को दोपहर साड़े तीन बजे की है। हमले में घायल दोनों मुस्लिम परिवारों में पुरानी रंजिश चली आ रही है। अस्पताल रोड पर 17 सितंबर 2024 की रात बाइक सवार तीन लोगों ने स्थानीय पत्रकार सलमान खान की गोली मार कर हत्या कर दी थी। मामले में चार लोग जेल में बंद हैं। चाकू लगने के बाद अरमान शाह को अस्पताल लाया गया था, डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना के छह महीने बाद पत्रकार के परिवार ने आज कल्लू पिता शकील, रशीद बेकरी, अजीम के परिवार ने आरिफ अंडा के परिवार पर हमला कर दिया। घटना में अवैध हथियार से गोली चलाई गई। घटना में अरमान शाह पिता आरिफ अंडा (20) की गला रेतकर हत्या कर दी गई। जबकि अल्ताब पिता आरिफ और रेहान पिता रईस गंभीर रूप से घायल हैं। आरिफ और रेहान को शाजापुर रेफर किया गया है।



**शव लेकर थाने के सामने पहुंचे परिजन :** अस्पताल से शव सुपुर्दगी के बाद मृतक अरमान के पिता आरिफ अंडा और भाई शाहरुख भीड़ के साथ एक कार में शव लेकर थाने के सामने पहुंचे। पीड़ित पिता और भाई ने दर्जन भर से ज्यादा लोगों के नाम एफआईआर में लिखने की मांग की। एसडीओपी अरविन्द सिंह ने टीम भेजकर मौके से आसपास के सीसीटीवी फुटेज मंगवाए और फुटेज के आधार पर हत्या में शामिल आरोपियों के नाम शामिल करने का कहकर भीड़ को रवाना किया। पुलिस ने इस मामले में सादिक उर्फ अद्दू, शाहरुख पिता रशीद, मेहमूद पिता मेहबूब, अयान पिता मेहमूद, रिजवान पिता अज्जू पहलवान, अरबाज पिता रिजवान, सफिया पिता अब्दुल रफीक और तीन संदेही में रशीद पिता गप्पू, अजीज पिता गप्पू और मेहफूज पिता गप्पू के विरुद्ध बीएनएस 10×(1), 109, और ×(5) के तहत केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया ने बताया की घटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बड़ा दी गई है। अस्पताल में पुलिस बल तैनात है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। वहीं पचोर थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा, लीमाचौहान और सारंगपुर थाने का पुलिसबल एसडीओपी अरविन्द सिंह के नेतृत्व में जांच में जुटा है।

### दोनों परिवारों में चल रही रंजिश

पूर्व में शाहरुख नामक युवक ने पत्रकार सलमान के भाई अजीम से मारपीट की थी, जिसके बाद सलमान ने शाहरुख के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी मामले को लेकर शाहरुख ने 9 फरवरी 2023 को भोपाल से बदमाशों को बुलाकर उस पर हमला करवाया था। पिछले साल 17 सिंतबर को पत्रकार सलमान खान की हत्या भी गोलीमार की गई थी। इस मामले में दो आरोपी डेढ़ साल से जेल में बंद है। जमानत अर्जी लगाने पर सलमान आपत्ति लगा देता था। बीते दिनों जेल से न्यायालय में पेश होने आए आरोपियों की जमानत खारिज हुई तो हथकड़ी में वापस जेल जाते समय आरोपियों ने सलमान को गोली मारने की धमकी दी थी। उसके बाद 17 सितंबर को सलमान की हत्या कर दी गई।

## बिजली के तारों में शार्ट-सर्किट से लगी आग

जागरण, ब्यावरा



खिलचीपुर के बड़वेली गांव में बिजली के तारों से निकली चिंगारी से किसान कमल दांगी के खेत में रखा तीन ट्रॉली सूखा चारा जलकर राख हो गया। घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे की है। खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों में हुए शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से खेत में रखे सूख चारे में आग लग गई। तेज लपटों के कारण किसान और ग्रामीणों की सारी कोशिशें नाकाम रहीं। खेत में रखा करीब तीन ट्रॉली सूखा चारा पूरी तरह से जल गया। ग्रामीणों का कहना है कि खेत के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार आपस में टकराते रहते हैं। इससे चिंगारी निकलती है। उन्होंने बिजली विभाग से इस समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है। किसान कमल दांगी ने प्रशासन से तारों की मर मत और नुकसान की भरपाई की मांग की है। खिलचीपुर विद्युत विभाग के जेई लखनलाल मेहरा का कहना है कि बड़वेली गांव के खेत में आग लगने की सूचना अभी उनके पास नहीं आई है। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर जांच करवा लेंगे।

जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

## संस्कारों का महत्व जीवन के हर पड़ाव पर होता है : मुनिश्री

जागरण, ब्यावरा



में बुधवार को उपाध्याय श्री 108 वीहसंत सागर जी ससंघ का नगर में मंगल प्रवेश हुआ। दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री ने विशेष प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि संस्कारों का महत्व जीवन के हर पड़ाव पर होता है। मुनि श्री ने बताया कि बचपन से लेकर अंतिम समय तक संस्कार ही काम आते हैं। उन्होंने कहा कि भौतिक वस्तुएं जैसे कार, बंगले आदि काम नहीं आएंगी, लेकिन अच्छे संस्कार हमेशा साथ देते हैं।

कार्यक्रम में जैन धर्म के दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू अर्पित किया। ब्यावरा समाज द्वारा बनवाए गए रजत विमान का शुद्धिकरण महाराज श्री के कर कमलों से किया गया। यह रजत विमान 10 अप्रैल को महावीर जयंती पर भगवान को विराजमान कर नगर भ्रमण के लिए प्रयोग किया जाएगा। प्रतिवर्ष इस अवसर पर भव्य जुलूस निकाला जाता है। धर्मेंद्र कुमार ऋषभ बाकलीवाल परिवार को महाराज की आहार चर्या का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर ऋषभ जैन, संदीप जैन, विनोद जैन, राजीव जैन, लखन जैन, महेंद्र जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नवनिर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में चल रही राम और भागवत कथा

## राम की भक्ति के साथ प्राणियों के प्रति सद्भाव रखें : पं. शर्मा

जागरण, ब्यावरा



नगर के ढकोरा रोड पर स्थित श्री संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर के पास नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत परिसर में महायज्ञ चल रहा है। इस दौरान प्रतिदिन राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। हबीपुरा आश्रम के पंडित कपिल कुमार शर्मा द्वारा रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक राम कथा का वाचन कर रहे हैं। उन्होंने रामायण के प्रसंगों को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्री राम ने मनुष्यों को प्राणी मात्र से करुणा भाव रखना सिखाया है। उन्होंने कहा कि महान कवि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना के समय सभी प्राणी, पशु और पक्षियों को प्रणाम किया। उनके अनुसार मनुष्य को प्रभु राम की भक्ति के साथ सभी प्राणियों के प्रति सद्भाव रखना चाहिए। इससे ही जगत राममय होगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान पूर्व जनपद अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान हैं। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु भागवत कथा और राम कथा का श्रवण करने आ रहे हैं। मंदिर परिसर में भागवत कथा दोपहर 2 से 5 बजे तक और राम कथा रात्रि 8 से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है।

### जिले में 30 जून तक निजी नलकूप खुदाई पर प्रतिबंध

**ब्यावरा।** जिले में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 और संशोधन अधिनियम 2002 के तहत जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस आदेश के तहत जिले में निजी नलकूप खनन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो 30 जून 2025 तक प्रभावी रहेगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिले में पहले से ही जलस्तर गिरता जा रहा है, जिससे आगामी दिनों में पेयजल संकट उत्पन्न होने की संभावना है। आदेश के अनुसार, अब जिले की सीमा में बिना अनुमति के कोई भी नया नलकूप नहीं खोदा जा सकेगा।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर हर बूथ में कार्यक्रम आयोजित होंगे : कांत देव

जागरण, नरसिंहगढ़



भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक बुधवार को नरसिंहगढ़ बड़ा महादेव के नीचे स्थित राजकुमार गार्डन पर संपन्न की गई। लगभग तीन घंटे चली बैठक में संगठनात्मक कार्यक्रम और अभियानों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण ओर दीप प्रज्वलन कर की गई ।जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भोपाल संभाग प्रभारी कांत देव सिंह मौजूद रहे। जिन्होंने आगामी संगठन पर्व कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी संगठन के निर्देश अनुसार सभी कार्यक्रम संपन्न किए जाने का आह्वान के साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए निष्ठा पूर्वक अभियान से जुड़ने का मंत्र दिया। जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा द्वारा भी कार्यकर्ताओं से संगठन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर वन टू वन चर्चा की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने आगामी संगठन पर्व कार्यक्रम पार्टी स्थापना दिवस सहित अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए पार्टी रीति नीति के अनुसार कार्यकर्ताओं को इन संगठन कार्यक्रमों में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेने और प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न किये जाने की बात कही।


दैनिक जागरण

समाचार व फोटो निम्न मेल पर भेजे।

jagranbiaora@gmail.com

94250-22183

E- पेपर के लिए इस साइट पर जाए www.dainikjagranmpcg.com

-: जिला कार्यालय :-
रोकस काम्प्लेक्स, पुराना अस्पताल परिसर, ब्यावरा (राजगढ़)

## न्यूज कार्नर

### भागवत अध्ययन कर लौटे शर्मा का स्वागत



**जागरण महिदपुर।** पंडित सुधीर कृष्ण शर्मा का वृंदावन में भागवत कथा अध्ययन पूर्ण कर महिदपुर नगर में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया पंडित सुधीर कृष्ण शर्मा का वृंदावन में 2 वर्ष तक बांके बिहारी गुरु कुलम में माधवानंद भागवत महाविद्यालय में अध्ययन पूर्ण कर भागवत व्यास की उपाधि प्राप्त कर बुधवार को नगर आगमन हुआ नारायणा रोड़ से ढोल, पटाखे के साथ फूलों की वर्षा के कर लाल मंदिर कॉलोनी तक चल समारोह के निकाल स्वागत किया । इस अवसर पर समाज सेवी विजय सिंह गौतम, एडवोकेट भगवान सिंह पंवार, भीमाखेड़ा सरपंच राजेश माली, पूर्व पार्षद संजय जोशी, पूर्व पार्षद एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश जोशी, बबलू जोशी, अनुराग चोपड़ा,अध्यापक दयाराम परमार, डॉ सुरेश मालवीय, बंटी परमार,अर्पित नास्कावाला,प्रवीण उथरा, आचार्य सत्यनारायण शर्मा, मुन्ना जोशी, रवि मीणा, प्रहलाद गुदीया, संतोष मांडीवाल,पुजारी राजेश शर्मा, कैलाश शर्मा, महेंद्र शुक्ला, बजरंगदल से जितेन्द्र सिसोदिया, सुनील जोशी, अंकित पोरवाल एवं परिवार जन की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### सरस्वती शिशु मंदिर पहुंचे गौतम ने किया कन्या पूजन



**जागरण महिदपुर ।** महिदपुर रोड़ सरस्वती शिशु मंदिर नगर के नौनिहालों के लिये संस्कारों का केंद्र है । यह बात सरस्वती शिशु मंदिर कोयल में पहुंचे समाज सेवी विजयसिंह गौतम ने कन्यापूजन के उपरांत अपने उद्बोधन में कही कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ एड्वोकेट भगवान सिंह पंवार ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हो अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया । प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत विद्यालय संचालन समिति के सदस्यों संकुल केंद्र प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय शर्मा तथा अभिभावकोंने किया मुख्य अतिथि गौतम सहितअन्य सभी अतिथियोंने कन्यापूजन कर फलाहार भी कराया कार्यक्रम का संचालन मुकेश रावल ने किया।

### एससी महासभा प्रदेश सचिव बने अर्जुन डाबी

जागरण उज्जैन। बहुजन समाज में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले उज्जैन निवासी सामाजिक कार्यकर्ता / युवा पत्रकार अर्जुन सिंह डाबी की सक्रियता को देखते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निर्मल रोकड़े प्रवेन्द्र चन्द्राकर व एडवोकेट सुरज सखवार की अनुशंसा पर एससी महासभा के समस्त पदाधिकारियों की सर्व सहमति से उन्हें प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।

# 23 अप्रैल से शुरू होगी पंचकोशी यात्रा

## तैयारी के लिए विभागों को दिया 15 अप्रैल तक का समय, रिपोर्ट पेश करनी होगी



**जागरण उज्जैन।** पंचक्रोशी यात्रा 23 अप्रैल से प्रारंभ होगी। यात्रा की तैयारियों के लिए विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि वे 15 अप्रैल को अपनी रिपोर्ट जिला पंचायत को सौंपे।

पंचकोशी यात्रा की तैयारी को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने निर्देश दिए है कि पड़ाव उप पड़ाव स्थल पर समतलीकरण करें। रास्ते में आने वाली आने वाली झाडियों को हटाएं। यात्रा मार्ग में यदि मंदिर आते हैं तो बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाएं। पिंग्लेश्वर रेलवे पुलिया के नीचे मुरम डालकर रोलिंग कराएं। जैथल से उंडासा जाने पर आगर रोड पर डिवाइडर बनाकर यात्रियों के लिए मार्ग की पृथक से व्यवस्था करें। मक्सी रोड क्रांसिग पर दुर्घटना ना हो इसके लिए पुलिया पर रेलिंग लगवाएं।

**52 कुंड में ठीक कराएंगे पानी का लेवल :** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करेगा। कालियादेह उप पड़ाव स्थल पर 52 कुंड में पानी का लेवल ठीक कराया जाएं। म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों से कहा गया है कि प्रत्येक पड़ाव स्थल पर बिजली की पर्याप्त व्यवस्था रहे। उज्जैन दुग्ध संघ प्रत्येक पड़ाव/उप पड़ाव स्थल पर सांची आउटलेट लगाएगा। जिसमें पर्याप्त मात्रा में दूध एवं दूध से निर्मित सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण होगा। इसके अलावा दो-दो ठंडे पेयजल टेंकर की व्यवस्था भी करना होगी। नगर पालिक निगम नागचंद्रेश्वर मंदिर पर सी.सी. टी.वी. कैमरे लगवाकर एवं एल.ई.डी के माध्यम से दर्शन की व्यवस्था करेगा। प्रति पड़ाव पर 2 फायर ब्रिगेड की लारियां खड़ी की जाएंगी। यात्रा के दौरान पड़ाव स्थल पर मच्छर रोधी फॉगिंग की जाएगी।

### हर वार्ड में एक प्याऊ लगेगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार उज्जैन शहर में प्रत्येक वार्ड के अंतर्गत नगर निगम के जल कार्य विभाग द्वारा एक प्याऊ का संचालन किया जाएगा। जिसकी शुरुआत जोन स्तर से की जाएगी साथ ही गर्मी के समय को दृष्टिगत रखते हुए कुएं, बावडियों एवं जलाशयों की सफाई की जाएगी। जिन क्षेत्रों में आवासीय भवनों द्वारा कमर्शियल रूप से जल का उपयोग किया जा रहा है उनसे कमर्शियल की दर से जलकर वसूला जाएगा। यह निर्णय जल कार्य समिति की बैठक में लिया गया। शहर में पेयजल व्यवस्था पर विभाग के अधिकारी नियंत्रण रखेंगे। हैंडपंप, बोरिंग की मोटर का संधारण किया जाएगा, पानी की टंकियां अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भरी जाएंगी। जल प्रदाय के समय विभाग के अधिकारी वार्डों में भ्रमण करेंगे। शहर में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की धुलाई के लिए वॉशिंग सेंटरों द्वारा की जा रही है। ऐसे में यह देखना होगा कि सेंटर वाले पानी कहां से ला रहे हैं। अधिकारी मौके पर जाकर जांच करेंगे।

# संपत्ति कर में नगर निगम की रिकॉर्ड वसूली

## 45 करोड़ 13 लाख रुपए से अधिक की राशि 77000 से अधिक उपभोक्ताओं से वसूली

**जागरण उज्जैन।** इस बार संपत्ति कर की वसूली में नगर निगम ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस बार पूरे वर्ष में नगर निगम ने 45 करोड़ 13 लख रुपए से अधिक की राशि संपत्ति कर के रूप में वसूली है। देर रात तक जोन कार्यालयों में राशि का हिसाब किताब चला।

नगर निगम में वर्तमान में कुल 1 लाख 33 हजार हजार254 संपत्तियां दर्ज है। जिसे नगर निगम को 97 करोड़ 78 लाख रुपए की राशि वसूलना थी। साल भर में नगर निगम ने 77045 संपत्तियों से 45 करोड़ 13 लाख 16633 की वसूली की है। अभी भी करीब 56 हजार 209 संपत्तियों से राशि वसूलना थी, जो कि वर्तमान वसूली की राशि से 6 करोड़ अधिक 51 करोड़ 94 लाख 71 हजार 6 रुपए है। मतलब इतनी अधिक वसूली के बाद भी यदि आंकड़ों पर गौर किया जाए तो नगर निगम ने जितने डिमांड बिल जारी किए थे उसके अपेक्षा करीब 43 से 44 ही वसूली हो पाई है अब जो बकायदार बच गए हैं उन पर नगर निगम को अप्रैल माह से ही ध्यान दे देना चाहिए और इन पर नगर निगम को सख्त रूप अपनाना चाहिए।

इससे नगर निगम का संपत्ति कर बढ़ेगा और लोगों में संपत्ति कर भरने की आदत पड़ेगी। गुड़ी पड़वा और ईद की छुट्टी भी नगर निगम ने कैंसिल कर दी थी और शनिवार रविवार को भी संपत्ति कर वसूला जा रहा था। कर्मचारियों ने डोर टू डोर डिमांड बिल भी दिए इसी का असर रहा कि नगर निगम को इस बार संपत्ति करके रूप में अब तक के इतिहास की सबसे अधिक राशि प्राप्त हुई है। जबकि पूर्व के वर्षों में 38 करोड़ 33 करोड़ और इसके पहले 25 से 30 करोड़ आंकड़ा रहता था।

### विद्यार्थी सीखें समय प्रबंधनः कलेक्टर



**जागरण उज्जैन।** आज स्कूल चलो अभियान अंतर्गत भविष्य से भेट कार्यक्रम में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह शासकीय उमावि ताजपुर पहुंचे । आपने उपस्थित विद्यार्थियो एवं शिक्षको को समय प्रबंधन की सीख देते हुए कहा कि अपना अधिकतम समय का उपयोग करे अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए । इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा आदेशित 104 अधिकारी विभिन्न स्कूलों में भविष्य से भेट करने गए । प्रदीप शर्मा एस पी शासकीय नूतन इंदिरानगर जाकर विद्यार्थियो को प्रेरक एवं आत्मीय उद्बोधन दिया । अन्य अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर सरिता लाल हाइ स्कूल मोहनपुरा, जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा ने जालसेवा निकेतन , गिरीश तिवारी एडीपीसी भैरवगढ़, अशोक त्रिपाठी, डीपीसी ने दौलतगंज में विद्यार्थियो को मार्गदर्शन किया ।

# तहसील कार्यालय के बाहर प्याऊ का शुभारंभ



**जागरण महिदपुर।** समग्र जैन समाज की संस्था श्री आदर्श महावीर नवयुवक मंडल द्वारा स्थानीय तहसील कार्यालय परिसर के बाहर स्वर्गीय अशोक कुमार सिरेमल मेहता (होटल वाले) की स्मृति में मेहता परिवार के सहयोग से शीतल प्याऊ का शुभारम्भ मण्डल के परामर्शदाता अशोक चौपड़ा, अरुण बुरड़, जैनेन्द्र खेमसरा अंकुर भटेवरा, राजकुमार सकलेचा, ललित गार्डी व संजय व्यास की उपस्थिति में पूजन कर फीता काटकर किया । इस दौरान नवयुवक मंडल के अध्यक्ष सचिन वागरेचा, सचिव हर्ष ओस्तवाल, अतुल आंचलिया, अमित बुरड़, विशाल पाटनी, मोहित मेहता, अंकुर मेहता, बबलु मेहता, वैभव चौपड़ा, राजेन्द्र बुरड़, विशाल सेठिया, अपुल धाडीवाल, अचल चौपड़ा, यश कोचर, समकित कोचर, अर्पित राठी आदि उपस्थित थे। मंडल द्वारा सहयोगी मेहता परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंडल अध्यक्ष सचिन वागरेचा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी मंडल सचिव हर्ष ओस्तवाल ने दी।

### जन जागरुकता रैली का किया आयोजन

**जागरण, सागर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड खुरई द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांव-गांव में जन जागरूकता हेतु रैली एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महुनाजट द्वारा ग्राम दलपतपुर में जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

# अवैध कॉलोनी काटने वालों की खैर नहीं

## सरकार बना रही नया नियम, 50 लाख जुर्माना और 3 साल की सजा

**जागरण उज्जैन।** प्रदेश की भाजपा सरकार अवैध कॉलोनी काटने को लेकर सख्त कदम अपना रही है अवैध कालोनी काटने वालों को अब 50 लाख रुपए जुर्माना और 4 साल जेल का नियम बनाने जा रही है।

> **2021 के बाद की कॉलोनी पर लागू होगा, उज्जैन में 25 के करीब ऐसी अवैध कॉलोनियां जद में**

चुनाव के समय भाजपा की सरकार ने अवैध कॉलोनी को वैध करने की योजना बनाई थी वर्ष 2016 और 2020 तक की कॉलोनी को इस नियम में अवैध से वैध किया गया। लेकिन वर्ष 2021 के बाद कटी अवैध कॉलोनी पर सरकार अब सख्त कदम उठा रही है आने वाले दिनों में कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जा रहा है जिसमें 2021 के बाद प्रदेश में जो भी कालोनियां अवैध रूप से कटी है उन कॉलोनी के कॉलोनाइजरों पर 50 लाख रुपए जुर्माना तथा 4 साल की जेल की सजा का प्रावधान किया जा रहा है। उज्जैन नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में 2021 से लेकर 2025 तक करीब 25 अवैध कालोनियां विभिन्न कॉलोनाइजरों ने काट दी है। जिनकी नगर निगम से किसी भी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है। ऐसे कॉलोनाइजरों पर प्राथमिकी भी दर्ज भी कराई जा रही है। अब नया कानून बनाने के बाद इन सभी पर जुर्माना तथा जेल की सजा होने का प्रावधान हो जाएगा। सरकार इसलिए सख्त कदम उठा रही है। पूरे प्रदेश में उज्जैन सहित अन्य शहरों में बड़े पैमाने पर अवैध कालोनियां कॉलोनाइजर काट देते हैं, और उनको सुविधा नहीं देते हैं। इसको लेकर सरकार यह नियम बना रही है।

# मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार प्रत्येक वार्ड में किया जाएगा एक प्याऊ का संचालन : शर्मा



जागरण उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की मंशा अनुसार उज्जैन शहर में प्रत्येक वार्ड अंतर्गत नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा एक प्याऊ का संचालन किया जाएगा जिसकी शुरुआत जोन स्तर से की जाएगी साथ ही गर्मी के समय को दृष्टिगत रखते हुए कुएं, बावड़ियों एवं जलाशयों की सफाई की जाए एवं जिन क्षेत्रों में आवासीय भवनों द्वारा कमर्शियल रूप से जल का उपयोग किया जा रहा है उनसे कमर्शियल की दर से जलकर वसूला जाए उक्त निर्देश मंगलवार को जल कार्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री प्रकाश शर्मा द्वारा विभाग की समीक्षा बैठक अंतर्गत अधिकारियों को दिए गए।

प्रभारी सदस्य प्रकाष शर्मा द्वारा निर्देषित किया गया कि शहर में पेयजल व्यवस्था पर विभाग के अधिकारियों द्वारा नियंत्रित रखा जाए षहर के हैंडपंप, बोरिंग की मोटर का संधारण किया जाए, पानी की टंकियां अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भरी जाए, जल प्रदाय के समय विभाग के अधिकारी वार्डों में भ्रमण करें जहां पर भी पेयजल की लाइन क्षतिग्रस्त या लीकेज हो उसका संधारण एवं पानी की गुणवत्ता की जांच कर्मचारियों से करवाया जाए, साथ ही देखने में आ रहा है कि दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की धुलाई हेतु वॉषिंग सेंटर संचालकों द्वारा पानी का अपव्यय किया जा रहा है ऐसे में वाषिंग सेंटर की जांच की जाए की पानी कहां से लिया जा रहा है, इसी के साथ षहर में पेयजल वसूली हेतु बिल वितरण व्यवस्था में सुधार लाया जाए

बैठक में कार्यपालन यंत्री केदार खत्री, सहायक यंत्री षिवम दुबे, वैभव भावसार, दीपेष वास्पत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर एसडीएम हिंगे को ज्ञापन सौंपा, काली पट्टी बांधकर काला दिवस मनाया




**जागरण महिदपुर।** पुरानी पेंशन बहाली संघ म.प्र. के आह्वान पर ब्लाक महिदपुर जिला उज्जैन के समस्त पेंशन विहीन शिक्षक, कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर पुरानी पेंशन बहाली के लिए विरोध दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी अजय हिंगे को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि एनपीएस धारी शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी को पुरानी पेंशन बहाल की जाए, नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) सेवानिवृत्ति के पश्चात सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन यापन के अनुकूल अभी तक सिद्ध नहीं हुई है अतः अविलंब बंद किया जाए।

एन पी एस एवं यू पी एस दोनों स्कीम कर्मचारी अधिकारियों के पक्ष में नहीं है, दोनों योजना कमर्चारियों अधिकारियों के लिए नुकसानदायक है। एनपीएस में जहां सेवा निवृत्ति के पश्चात 60 प्रतिशत राशि लौटी जाती है, वही यूपीएस में सेवा निवृत्ति के अंतिम 12 महीनों का योगदान करने के बाद विदाउट महंगाई भत्ते की पेंशन दी जाएगी और कर्मचारियों की जो राशि जमा है, उसको लौटने के प्रावधान में संशय है।

अतः इन दोनों योजनाओं को बंद कर ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू की जाए। इस अवसर पर सुश्री सुषमा खेमसरा प्रांतीय संयोजक (महिला मोर्चा) एनएमओपीएस शोभाराम राठौर, गजेंद्र सूर्यवंशी ,जाकिर अहमद नागौरी ,संतोष गुलाटी, मुजम्मिल हुसैन नागोरी, सत्यनारायण शर्मा ,मनोज मोड़क, विजय पंड्या, फरहाना खान, चंद्रेश जोशी, अ.हमीद नागौरी,अमनदीप दुआ, दुर्गा सूयर्वंशी , जया बड़े जा, सुरेश उतरार्धि ,नारायण राव, सैयद इनाम उर रहमान, गिरीश मल्होत्रा,मुकेश सूयर्वंशी, पुष्पा पालीवाल, जया पाटनी, राजेश शर्मा, प्रकाश मकवाना, भारत सिंह रघुवंशी,राधा बगाना,संगीता सूर्यवंशी,प्रीति मकवाना, अरविंद सकलेचा,भगवान सिंह चौधरी, राखी उथरा, जमनालाल तलावदिया,जवान सिंह गरासिया आदि उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन सत्यनारायण शर्मा ने किया।

# अवैध कॉलोनाइजर पर प्रकरण दर्ज करने के बाद जवाब का इंतजार कर रहा राजस्व विभाग

## पांच माह बाद भी नपा की रिपोर्ट का हो रहा इंतजार, लोग हो रहे परेशान





**जागरण नागदा।** बनबनी बेरछा रोड, रिंग रोड जैसे मुख्य स्थानों पर नियम विरुद्ध कॉलोनी काट रहे कॉलोनाइजरों पर शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने प्रकरण तो दर्ज कर लिया है लेकिन प्रकरण दर्ज करने के करीब 5 माह बाद भी विभाग को नपा की रिपोर्ट का इंतजार है, राजस्व विभाग की कछुआ चाल के चलते ऐसी कॉलोनी में प्लाट खरीद कर लोग परेशानी भुगत रहे हैं और जवाबदार कागजी कार्रवाई का आश्वासन देकर चैन की नींद सो रहा है । पूरी संभावना हेतु विभाग के कुछ अधीनस्थ लाभ सुख के चलते कॉलोनाइजरों को पूरा समय दे रहे हैं ताकि वह अपनी अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कर ले।

गोरतलब है की बनबनी रोड, बेरछा रोड सहित रिंग रोड जैसे प्रमुख स्थानों पर शाजापुर के कॉलोनाइजर द्वारा शहर के एक रशुकदार व्यापारी के साथ मिलकर नियम विरुद्ध कालोनी काटी जा रही थी जिसकी लिखित शिकायत के बाद मामले में गंभीरता दिखाते हुए एसडीएम बृजेश सक्सेना ने नपा को तो मामले में जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश देने के साथ कॉलोनाइजर को भी नोटिस जारी कर जवाब मांगा था उक्त बात को करीब 4 से 5 माह बीत जाने के बावजूद अभी तक नपा की रिपोर्ट राजस्व विभाग की टेबल पर नहीं पहुंच पाई एसडीएम कार्यलय से भी नोटिस कॉलोनाइजर को पहुंचने के बाद कॉलोनाइजर ने एक बार जवाब भी दिया लेकिन आगे नियम विरुद्ध जो कारवाई सखूती के साथ होनी चाहिए वह अभी तक देखने को नहीं मिली है जवाबदारों की लचीली कार्य प्रणाली के चलते ऐसी कॉलोनी में प्लाट खरीद कर पसीने की गाड़ी कमाई लगाने वाले लोग खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं और जवाबदारों से न्याय की गुहार भी लगा रहे हैं राजस्व विभाग के जवाबदारों का कहना है कि कॉलोनाइजर पर प्रकरण दर्ज है नगर पालिका को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं नपा की रिपोर्ट आने के बाद आगे नियम अनुसार कार्रवाई कॉलोनाइजरों पर की जाएगी।

# उज्जैन के बगलामुखी में यज्ञ पूर्णाहुति पर 1100 बटुक संत और हजारों भक्त शामिल

**जागरण उज्जैन।** उज्जैन के भैरवगढ़ रोड स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर धाम में चल रहे पांच दिनी शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति बुधवार को की गई। इस अवसर पर 1100 बटुक, समस्त अखाड़ों के साधु-संत, महंत एवं हजारों भक्त शामिल हुए।

भर्तृहरि गुफा के महंत योगी पीर श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में यह अनुष्ठान जनकल्याण की कामना से किया गया। इस अवसर पर बगलामुखी मंदिर का प्रतिष्ठा दिवस महापर्व भी मनाया गया। वहीं देशभर से उमड़े भक्तों ने श्री रामनाथ जी महाराज का जन्मोत्सव भी मनाते हुए ढोल-ढमाकों व पुष्पमालाओं से उनका स्वागत सम्मान किया। मंदिर में मां काली की प्रतिमा की प्रतिष्ठा भी की गई। अनुष्ठान की पूर्णाहुति के पश्चात साधु-संतों, बटुकों व भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।



# प्रत्येक मस्तिष्क अलग होता है, हर सोच अनोखी, यही हमारी ताकत है

## विक्रम विश्वविद्यालय में विशेष परिसंवाद का आयोजन




**जागरण उज्जैन।** पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस पर विशेष परिसंवाद आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. अर्पण भारद्वाज कुलगुरु ने कहा कि जीवन और स्वास्थ्य में असली ताकत हमारी विविधता में है। प्रत्येक मस्तिष्क अलग होता है, हर सोच अनोखी होती है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

दुनियाभर में हर साल 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को इस न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर के बारे में जागरूक करना है ताकि समाज में ऑटिज्म से प्रभावित लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जा सके और वे समाज में एक सम्मानजनक जीवन जी सकें।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित इस दिन के प्रसंग में प्रो. डा. अर्पण भारद्वाज कुलगुरु ने पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान के निदेशक, स्टाफ और विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजन पर हार्दिक बधाई दी और इसे सामाजिक सरोकारों की दिशा में एक अनुकरणीय पहल बताया।

इस वर्ष न्यूरोडाइवर्सिटी और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य को आगे बढ़ाना थीम पर केंद्रित इस विशेष परिसंवाद में समावेशी स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के अवसर, असमानताओं को कम करने और ऑटिज़्म-फ्रेंडली शहरी विकास पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता, निदेशक, पंडित जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान ने मीडिया रिपोर्ट्स के संदर्भ में कहा कि ऑटिज्म के चार प्रकार होते हैं- एस्परगर सिंड्रोम, चाइल्डहुड डिसइंटीग्रेटिव डिसऑर्डर, ऑटिज्म, और पर्वेसिव डेवलपमेंटल डिसऑर्डर। पेडियाट्रिक जर्नल्स में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, दुनिया भर में कई युवा और बच्चे ऑटिज्म से प्रभावित हैं। भारत में लड़कों की संख्या लड़कियों की तुलना में तीन गुना ज्यादा है। ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जो बचपन में शुरू होती है और इसमें व्यक्ति के वर्बल या नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन, इमेजिनेशन और सोशल इंटरेक्शन पर बुरा असर पड़ता है।

## न्यूज कार्नर

### श्रीराम दरबार में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**जागरण अशोकनगर।** हिंदू परिषद राम महोत्सव द्वारा गांधी पार्क पर नवरात्रि के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की झांकी सजाई गई है जहां प्रतिदिन धार्मिक कार्यों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मुस्कान रघुवंशी, आरती चौहान, अंतिम रघुवंशी, जूली रघुवंशी, करिश्मा सिलावट, नेहा लोधी, मोना शाक्य आदि ने सामूहिक हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के दौरान हारमोनियम पर कमल किशोर श्रीवास्तव और तबले पर श्याम सुंदर ने संगत दी। आरती में मुख्य रूप से प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा, प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान, प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, रामकुमार चौधरी, विकास जैन द्वारा प्रांत सहमंत्री बनने पर जितेंद्र सिंह चौहान का साफा बांधकर एवं शील्ड देकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी का भी सम्मान किया गया। इस दौरान अशोक रघुवंशी, हेमराज नामदेव, मोहन नामदेव, वेदराम लोधी, दीपक जोशी, रामकृष्ण कुशवाह, सतपाल केवट, राजेश सोनी, ग्रामीण प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर जगमोहन सिंह यादव, रमेश गुप्ता, अनुराग शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### आवास प्लस सर्वे की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री मण्डल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये 2024-25, 2028-29 मंजूरी प्रदान की गई। भारत सरकार द्वारा आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने हेतु आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

# पुरातन और चमत्कारी है मां विंध्यवासिनी का मंदिर

## राजा मोरध्वज और विक्रमादित्य की नगरी तूमैन में विराजमान हैं मां विंध्यवासिनी

**जागरण अशोकनगर।**

जिले की प्राचीन और पौराणिक नगरी तूमैन अपने ऐतिहासिक महत्व के लिए जानी जाती है। यहां मां विंध्यवासिनी का अति प्राचीन और चमत्कारी दरबार है। मां के दर्शन करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं ऐसा माना जाता है।

मां के दर्शनों के लिए नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु तूमैन आते हैं। जिला मुख्यालय से करीब 9 किमी दूर प्राचीन नगरी तूमैन पूर्व में तुम्बन नगरी के नाम से जानी जाती थी। जो समय के साथ बदलते-बदलते तूमैन नगरी हो गई है। कहते हैं कि यह नगरी राजा मोरध्वज की हुआ करती थी। राजा मोर ध्वज के पुत्र तुंग ध्वज ने भी यहां शासन किया। इसके अलावा तूमैन को राजा विक्रमादित्य की नगरी भी कहते हैं। यहीं पर राजा विक्रमादित्य के समय का मां विंध्वासिनी का यह दरबार है। मंदिर में हमेशा अखंड ज्योति जलती रहती है। इसके अलावा मंदिर में एक चमत्कारी घंटा भी है जो स्वतः हिलता रहता है। बताया जाता है कि मंदिर पर विधर्मियों ने भी आक्रमण किया, इसके कारण मंदिर के बाहरी हिस्से में खंभों और दीवारों पर बनी मूर्तियां टूटी हुई हैं।



**पुरातात्विक महत्व भी है तूमैन का:** तूमैन नगरी में खुदाई के दौरान कई प्रतिमाएं मिली थीं। इस स्थान पर कई हजारमुखी शिवलिंग भी है। कहते है कि आज की यह तूमैन नगरी प्राचीन नगरी तुम्बन के ऊपर बसी हुई है। पुरातत्व विभाग के अधिकारी समय-समय पर इस स्थान का निरीक्षण कर चुके हैं।

# परिवहन घोटाले के मुख्य आरोपी को जमानत पर आक्रोश, कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**जागरण अशोकनगर।** बहुचर्चित परिवहन घोटाले के सरगना सौरभ शर्मा को विगत दिवस जमानत मिल गई है। इसको लेकर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया है और गांधी पार्क पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने बताया कि सरकार ने इतने बड़े घोटाले के आरोपियों और संरक्षकों को बचाने का कार्य किया है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार सौरभ शर्मा को मिली जमानत के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा, नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन, गोपाल कोल, सुधीर शर्मा, राजकुमार लोधी, बली सिंह,अजब सिंह कुशवाह, सीताराम कुशवाह, सुरेन्द्र रघुवंशी,अमन शर्मा, गोलू यादव, सुनील जैन आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने शिक्षक बनकर बच्चों को दिखाई जीवन की राह

## स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में अधिकारी हुए शामिल

**जागरण अशोकनगर।**

शासन के निर्देशानुसार जिले में स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ किया जा चुका है। अभियान के दौरान 01 से 04 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तूमैन में बुधवार को पहुंचकर भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने संवाद करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने सुनहरें भविष्य को गढ़े। बच्चे देश की तकदीर एवं तस्वीर है, शिक्षक एवं समाज इन्हें सजाये एवं संवारे। उन्होंने कहा कि जीवन एवं व्यक्तित्व का विकास शिक्षा से ही संभव है।





उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ.साथ बेसिक ज्ञान भी जरूरी है। कोरा ज्ञान सदैव लाभदायिक सिद्ध नहीं होता। कठिन परिश्रम करें, लक्ष्य बनाकर आगे बढें सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने अपने जीवन का एक लक्ष्य निर्धारित करें एवं कुछ बनकर दिखायें। उन्हों ने कहा कि छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में अपनी बौद्धिक क्षमता को सुदृढ़ रखें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में मन लगाकर पढ़ना चाहिए। विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार विषयों का चयन करें। खूब मेहनत कर ऊंचाईयों को छूएं। उन्हों ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि पढ़ लिखकर सिविल सेवा एवं उच्च अधिकारियों के पद पर पहुंचे। साथ ही स्कूल छात्र-छात्राओं को नवीन शैक्षणिक सत्र की निः शुल्क पाठ्य पुस्ताकों का वितरण किया गया। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों में किये गये उत्कृष्ट प्रदर्शन की फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कलेक्टर श्री द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों पर आधारित पाठशाला पढाई गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भौतिक विज्ञान अंतर्गत विमीय सूत्र,अदिश राशि, सदिश राशि,बेसिक यूनिट को विस्तार को समझा गया। उन्होंने रसायन विज्ञान,जीव विज्ञान एवं इतिहास,सामान्य ज्ञान,हिन्दी,संस्कृत एवं गणित संबंधितों विषयों को विस्तार से समझा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर पाठ्यक्रम से संबंधित बेसिक प्रश्नों का पूछा एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सही उत्तर देने पर पेन एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी नीरज शुक्ला, डीपीसी राहुल शर्मा, बीईओ बलवीर सिंह बुंदेला,प्राचार्य छोटेलाल अहिरवार सहित शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आज के विद्यार्थी कल का भविष्य हैं: सीईओ



**जागरण,अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में जिला पंचायत अशोकनगर के नवागत सीईओ राजेश जैन स्थानीय पीएम श्री विद्यालय क्रमांक 4, अशोकनगर में पहुंचे। उन्होंने विद्यालय का अवलोकन किया और स्टाफ से उनके कार्यस्थल पर आने वाली कठिनाइयों को जाना। उन्होंने कक्षा 8 के बच्चों के बीच पहुंचकर उनसे चर्चा की उन्होंने बताया कि बच्चों को सदैव शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उनकी बात मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को बोलना जरूरी है, उन्हें बोलना चाहिए। साथ ही कहा कि बच्चे खुद से कार्य करें। शिक्षा हमें सही गलत का ज्ञान कराती है,हमारे विवेक को जागृत करती है। उन्होंने बच्चों से अनेक प्रश्न पूछे,सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने पुनः स्कूल आने का वादा किया और कहा कि अगली बार जब आऊंगा तो बच्चों को गिफ्ट लेकर आऊंगा। लगभग 70 मिनिट उन्होंने बच्चों को पढ़ाया, उनसे बातचीत की। इस दौरान लगा ही नहीं कि कक्षा में सीईओ पढ़ा रहे है या कोई शिक्षक पढ़ा रहा है। इतने वरिष्ठ अधिकारी का शिक्षकों के प्रति सम्मान,उनकी सादगी, सहजता और विनम्र व्यवहार देखकर स्टॉफ और छात्र-छात्राओं ने आभार माना।

# स्थापना दिवस पर होगा भाजपा का जिलास्तरीय सम्मेलन





**जागरण,अशोकनगर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्य समिति की बैठक बुधवार को एक निजी होटल में आयोजित की गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, राजकुमार सिंह यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयकुमार सिंह, नारायण प्रसाद शर्मा मंचासीन थे। इस दौरान आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस, 6 एवं 7 अप्रैल को भाजपा के सक्रिय सदस्यों का जिलास्तरीय सम्मेलन, 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।

**7 से 13 अप्रैल के बीच गांव चलो अभियान:** बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि आगामी 7 से 13 अप्रैल तक भाजपा द्वारा गांव चलो अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसमें बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनके लाभार्थियों से संपर्क किया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी के आगामी कार्यक्रमों में शामिल होने का आह्वान किया।

# 7.20 लाख रुपए की स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, शिवपुरी।** देहात थाना पुलिस ने 37 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसकी बाजार मूल्य 7.20 लाख रूपए है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

देहात पुलिस को मंगलवार को सूचना प्राप्त हुई कि हवाई पट्टी नर्सरी के पास लुधावली में एक युवक अवैध मादक पदार्थ रखकर बेचने की फिराक में है। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को धरदबोचा जिससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम निरपत पुत्र धर्मू रावत निवासी बिलोकला हाल रातौर रोड़ फतेहपुर बताया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास 36.32 ग्राम स्मैक मिली जिसे पुलिस ने जप्ती में लिया और आरोपी के खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है और आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। इस कार्यवाही में निरी. रत्नेश सिंह यादव, उनि सपना रावत, सउनि केदार सिह, प्रआर दीपचंद्र, विनय सिह, सुनील भार्गव, आदेश धाकड़, प्रआर मोहन सिह चौहान, प्रआर सुरेन्द्र दुबे, आर. बदन सिंह, दिनेश सिंह, मनोज गौड, रणवीर शर्मा, मिथुन कुशवाह, राघवेन्द्र, मधुर श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही है।

## शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर धरना, एसडीएम ने 15 दिन में दुकान शिफ्ट करने का दिया आश्वासन



**जागरण, शिवपुरी।** नीलगर चौराहे पर स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों का प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान एसडीएम उमेश कौरव और जिला आबकारी अधिकारी संजय गुप्ता पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने मौखिक आश्वासन दिया कि 15 दिन के भीतर दुकान को हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने इस आश्वासन को लिखित में देने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान भाजपा पार्षद विजय शर्मा, सिंधिया के सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर और स्थानीय महिलाओं ने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की। जिला आबकारी अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि विभाग और ठेकेदार मिलकर दुकान को किसी गैर-विवादित स्थान पर शिफ्ट करने के लिए स्थान तलाश रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शासन को आबकारी विभाग से 7 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होता है, इसलिए कुछ दिनों तक दुकान चालू रखने का प्रस्ताव रखा गया है। पार्षद विजय शर्मा ने बताया कि शराब दुकान के आसपास मंदिर और स्कूल स्थित हैं, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी इस दुकान को हटाने के लिए कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों ने साफ किया है कि यदि प्रशासन 15 दिनों के भीतर दुकान हटाने का लिखित आश्वासन देता है, तो वे धरना समाप्त कर देंगे। साथ ही, उन्होंने यह भी मांग रखी है कि इस अवधि के दौरान दुकान के बाहर किसी भी अवैध गतिविधि की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

# स्कूल चले अभियान में भविष्य से भेंट कार्यक्रम हुआ आयोजित

## रन्नौद तहसील में नायब तहसीलदार अशोक राजपूत और लज्जाराम राजोरिया ने की शिरकत



**जागरण, कोलारस।** विद्यालय सत्र समाप्ति के बाद नवीन सत्र का आगाज हो चुका है। जिसमें जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने निर्देश पर सभी अधिकारी शिक्षा के मंदिरों में पहुंचकर विद्यार्थियों को जागरूक कर रहे है।

नवीन सत्र में स्कूल चले अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में आयोजन के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रन्नौद में तहसीलदार अशोक राजपूत और ढकरौरा स्कूल में नायब तहसीलदार लज्जाराम राजोरिया ने छात्रों के बीच शिरकत की।

इस अवसर पर तहसीलदार अशोक राजपूत ने बच्चों से कहा कि शिक्षा जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इसके बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। वहीं लज्जाराम राजोरिया ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार का जन्म होता है बच्चों को नियमित विद्यालय आना चाहिए और गुरुओं का सम्मान करना चाहिए।

# पोहरी एसडीएम ने की छात्र-छात्राओं से चर्चा



**जागरण, शिवपुरी।** एसडीएम पोहरी मोतीलाल अहिरवार ने शिक्षा विभाग के भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत आज ग्रामीण अंचल में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला लेंगड़ा में छात्र छात्राओं से रूबरू हुए और अध्यापन के संबंध चर्चा की। एसडीएम पोहरी ने सभी बच्चों से एक एक कर भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना। सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। हर रोज़ स्कूल आने से पूर्व होमवर्क का रिवीजन करने का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर बच्चों ने बताया कि पढ लिखकर कोई शिक्षक, बनना चाहता है तो कोई पुलिस और फौज़ में जाना चाहेगा। छात्रा रामा ने पेंटर बनना तो आराध्या ने बड़ा प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना देखा है। एसडीएम ने सभी छात्र छात्राओं को अपने सपने पूरे करने के लिए खूब मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। शाला में नायब तहसीलदार प्रमोद तोमर, बीआरसीसी श्री जाटव, शाला प्रभारी पूजा शर्मा व अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# कॉलेज में छात्रों को नहीं मिल पा रहीं बुनियादी सुविधाएं, पंखे बंद, पीने का पानी भी नहीं

## एनएसयूआई ने दी 5 दिन में व्यवस्था सुधारने की चेतावनी



**जागरण, शिवपुरी।** पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में छात्रों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शांतनु सिंह कुशवाह के नेतृत्व में छात्र संगठन ने कॉलेज प्राचार्य को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। परीक्षा का समय नजदीक है और गर्मी का मौसम चल रहा है। ऐसे में परीक्षा हॉल में पंखे बंद हैं।

छात्रों को पीने के पानी की व्यवस्था न होने से बाहर से पानी लाना पड़ रहा है। कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था भी कमजोर है क्योंकि सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं। शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कुछ शिक्षकों का छात्रों के प्रति रवैया भी ठीक नहीं है। एनएसयूआई ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं।

इनमें शासकीय बस सेवा में सुधार, शिक्षकों के व्यवहार में बदलाव, स्टाफ की संख्या बढ़ाने, सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति, सीसीटीवी की मरम्मत, छात्र सहायता केंद्र की स्थापना और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था शामिल हैं। छात्र संगठन ने प्राचार्य को 5 दिन का समय दिया है। मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस विरोध प्रदर्शन में एनएसयूआई के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें ब्लॉक अध्यक्ष समीर खान, उपाध्यक्ष निरंजन सोनी, दानिश खान और आईटी सेल अध्यक्ष राम शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# भ्रूण लिंग परीक्षण का वीडियो वायरल, सरपंच की होगी जांच

## सीएमएचओ शिवपुरी ने जारी किया आदेश, कमेटी गठित, हबेलगढ सरकार के महंत भी जांच के दायरे में

**जागरण, शिवपुरी।** सोशल मिडिया पर भ्रूण परीक्षण की जांच कराकर लड़का या लड़की का पता लगाने का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें भ्रूण जांच कराने की स्वीकारोक्ती देने वाले शिवपुरी जिले के करैरा विकासखंड के ग्राम खोहा सरपंच संजय यादव के विरूद्ध पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जांच की जावेगी। यदि वह भ्रूण लिंग जांच कराए जाने के दोषी पाए जाते हैं तो उनके विरूद्ध कानून सम्मत कार्यवाही होगी। जांच की जद में हबेलगढ़ सरकार के महंत (बाबा) को भी लिया गया है जो वायरल वीडियो में लडका होने की बात कह कर सरपंच को प्रोत्साहित कर रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय ऋषीश्वर ने प्रेस को बताया कि गत् दिवस सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें बातीचीत के दौरान एक भक्त (खोहा सरपंच संजय यादव) हबेलगढ सरकार के महंत (बाबा) सहित अन्य भक्त दिखाई दे रहे हैं। मंहत से सरपंच संजय सादव कह रहे हैं कि उनके द्वारा मशीन से जांच करा ली गई है लड़का ही होगा। जिसके प्रतिउत्तर में बावा ने कहा हमने तो पहले ही कहा कि मोडा दूंगी। खोहा सरपंच संजय यादव व बाबा का यह कथित बयान म.प्र. शासन के पीसीपीएनडीटी एक्ट की मूल भावना के विरूद्ध है। एक्ट के अनुसार भ्रूण लिंग का परीक्षण करना या कराना अथवा उसके लिए प्रेरित करना अपराध है। इसलिए इस वायरल विडियो को संज्ञान में लेकर कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने सीएमएचओ डॉ.संजय ऋषीश्वर को जांच कराई जाकर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। जिस पर सीएमएचओ शिवपुरी द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक/पीएनडीटी/2025/4429 दिनांक 02.04.2025 के माध्यम से 8 सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच कराए जाने के आदेश दिए हैं। कमेटी में एसडीएम करैरा अजय शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मोना गुप्ता, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.अनूप गर्ग, पीसीपीएनडीटी कमेटी के जिला सलाहकार आलोक एम इन्दौरिया, राकेश शर्मा, एडवोकेट संजीव विलगैया, सहित नर्सिंग आफीसर रानी मेहरा को रखा गया है। उक्त कमेटी तीन दिवस में ग्राम खोहा जाकर सरपंच संजय यादव, उनकी पत्नी व महंत जी के वयान दर्ज करेगी। जिसकी रिपोर्ट कलेक्टर शिवपुरी को प्रस्तुत किए जाने के बादउनके निर्देशानुसार आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग लिंगानुपात को लेकर खासा चिंतित है और हर तीन माह में पीसीपीएनडीटी कमेटी की बैठक कर इस दिशा में आवश्यक उपाय कर रहा है।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से बिगड़े हालात सीएमओ ने अपनी टीम के साथ की सफाई



**जागरण, शिवपुरी।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी है। प्रशासन द्वारा मांगें न माने जाने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है। स्थिति को संभालने के लिए नगर पालिका सीएमओ इशांत धाकड़ ने कोर्ट रोड और नारियल वाली गली में अपनी टीम के साथ सफाई की। स्थानीय लोगों ने बताया कि, नवरात्रि के बीच रामनवमी और हनुमान जयंती के आयोजन सामने हैं। मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ती गंदगी से धार्मिक कार्यक्रम प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थिति और गंभीर हो सकती है क्योंकि नगर पालिका के पंप अटेंडरों ने भी हड़ताल का समर्थन शुरू कर दिया है। इससे शहर में पानी की आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। सफाई कर्मचारी यूनियन ने चेतावनी दी है कि मांगों पर ठोस निर्णय न होने तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा है कि समाधान न निकलने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।


**IN THE COURT OF VII ADDITIONAL MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL, DISTRICT COURT, BHOPAL**

Presiding Officer : दीपक बंसल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MACC/0001819/2024)

उपासना देवी.................................. वादी

Vs

भोगीराम लोधी ..........................प्रतिवादी

Process ID- /2025

प्रेषिती : पेशी दिनांक :- 28/04/2025

(1) भोगीराम लोधी पिता कृपाल सिंह पता - बदायरा चौक तहसील चंदेरी थाना चंदेरी जिला अशोकनगर म.प्र.।

(2) रामदयाल सिंह पिता हरदेव सिंह पता - ग्राम तागरी पोस्ट नयाखेड़ा, जिला अशोकनगर, म.प्र.

यह कि प्रार्थी उपासना देवी ने आपके विरूद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 21 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(दीपक बंसल)

सप्तम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भोपाल (म.प्र.)

जागरण गुना
गुना, 3 अप्रैल, 2025 चांचौड़ा - राघौगढ़ www.dainikjagranmpcg.com

## विवेक कॉलोनी, पुलिस लाइन में आज बिजली रहेगी बंद

**गुना।** प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 11 केव्ही फीडर पर प्री मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 3 अप्रैल को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे विवेक कॉलोनी एवं पुलिस लाइन आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटोती के समय को आवश्यकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता है।

## नर्मदा परिक्रमावासियों का किया स्वागत

**जागरण, खिरकिया।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनुरूप बायवार की भाभी श्रीमती प्रदन्या बायवार नर्मदा परिक्रमा पर निकली हुई है। इस दौरान खिरकिया नगर से गुजरने पर उनका स्वागत नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती रानू पटेल, महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव श्रीमती संगीता राय, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, सरिता बायवार, पार्षद श्रीमती किरण आठनेरे, श्रीमती मीनाक्षी राजपूत, श्रीमती माया गौर, रानू वासले आदि मौजूद रहे।

### अभ्युदय मर्डर केस की जांच जारी, एसआईटी के डीएसपी कर रहे जांच

# पति की नजर में पत्नी बेकसूर, पुलिस जांच पर भी उठा रहे सवाल, आज आएंगे डीएसपी

**जागरण, गुना।** पिछली 14 फरवरी को चौधरन कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहने वाले बैंक कर्मी दंपत्ति के बेटे अभ्युदय की मृत्यु हो गई थी। बेटे का शव बाथरूम के टॉविल स्टैण्ड से लटका मिला था, जिससे हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई थी। इस मौत को पुलिस ने हत्या मानकर अभ्युदय की मां अलका जैन को 8 मार्च को गिरफ्तार किया था, लेकिन गिरफ्तारी के बाद से ही पुलिस की जांच पर कई सवाल खड़े थे , जिनसे हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा था, वहीं आरोपित मां को भी हत्या करने के पीछे के कारण नहीं बता पाई और ना ही अलका जैन ने अपने बेटे की हत्या करना स्वीकार किया। इन्हीं सब अनसुलझे पहलूओं के चलते ग्वालियर रेंज के डीआईजी ने इस केस की तह तक जाकर खुलासा करने के लिए एक एसआईटी टीम का गठन किया है,



जिसमें डीएसपी रैंक के अफसर शामिल हैं। एसआईटी टीम पिछले तीन दिनों से गुना में रहकर इस केस के सभी बिन्दुओं को बारीकी से समझकर जांच कर रही है। दूसरी तरफ आरोपित महिला के पति और मृतक बेटे के बाप अनुपम जैन भी अपनी पत्नि को अपने बेटे की हत्या का दोषि नहीं मान रहे, बल्कि वह भी पुलिस की जांच पर सवाल उठा रहे हैं। उनके अनुसार उनकी पत्नि ने बेटे की हत्या नहीं की है। फिलहाल आरोपित मां जेल में है और पति पत्नि को छुड़ाने प्रयासरत है।

### डीआईजी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया

डीआईजी अमित सांघी शनिवार को गुना पहुंचे। यहां उन्होंने एसपी और एसआईटी के सदस्यों के साथ घटनास्थल का मुआयना किया। इस दौरान अनुपम जैन भी वहां मौजूद रहे। डीआईजी ने बताया कि अभ्युदय मर्डर केस में एक शिकायत आईजी को प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर उन्होंने प्रकरण की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया था। जो आवेदन दिया गया है, उसके सभी बिंदु की समीक्षा की जाएगी। साथ ही यह प्रयास रहेगा कि साइंटिफिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर जांच को आगे बढ़ाकर जल्द से जल्द इस इन्वेस्टिगेशन को पूरा किया जाएगा।

### डीएसपी आएंगे आज

मामले में गठित एसआईटी के प्रमुख और शिवपुरी में पदस्थ अवनीत शर्मा घटना से संबंधित जानकारी और सबूत जुटाने आज गुना आएंगे, वे घटना से संबंधित सभी लोगों के बयान लेंगे और घटना स्थल का भी मौका मुआयना करेगे। गौरतलब है कि अवनीत शर्मा गुना में टीआई रह चुके हैं।

### संदिग्ध हालात में मां-बेटे की मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

# कमरे में फंदे से लटके मिले मां-बेटे के शव

**जागरण, गुना।** जिले के राघौगढ़ क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 24 वर्षीय महिला और उसके दो साल के बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, लेकिन मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवानी नाम की महिला की शादी तीन साल पहले रामपुरा निवासी रामेश्वर लोधा से हुई थी। उनका एक दो साल का बेटा शिवाय भी था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, रामेश्वर शराब का आदी था और नशे की हालत में अक्सर पत्नी से मारपीट करता था। बताया जाता है कि घटना से दो दिन पहले भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसके चलते पुलिस को भी बुलाया गया था।

मंगलवार रात फिर से दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद शिवानी अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद जब ससुराल वालों ने कमरे का दरवाजा खोला तो मां और बेटे के शव फंदे से लटके मिले। ससुराल पक्ष का कहना है



कि उन्होंने तुरंत शिवानी को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे और उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पिता बुंदेल सिंह लोधा ने अपनी बेटी की मौत को आत्महत्या मानने से इनकार कर दिया है। उनका आरोप है कि शिवानी के ससुराल वालों ने उसकी हत्या की है। उन्होंने बताया कि शिवानी का पति उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करता था और मारपीट करता था। घटना से कुछ घंटों पहले ही शिवानी ने पिता से फोन पर बात की थी और बताया था कि उसका पति फिर से मारपीट कर रहा है। पिता ने उससे घर आने की बात कही, लेकिन उसने कहा कि जरूरत पड़ी तो खुद बुला लेगी। बुंदेल सिंह का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत के बाद भी ससुराल वालों ने उन्हें इसकी सूचना नहीं दी। वे शव को सीधे गुना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जबकि पहले नजदीकी राघौगढ़ अस्पताल ले जाना चाहिए था। जब परिजनों को इस घटना की खबर लगी तो वे तुरंत अस्पताल पहुंचे, लेकिन उन्हें सही जानकारी नहीं दी गई।

### शव पर चोट के निशान जांच की मांग

मृतका के परिवार का कहना है कि अगर शिवानी ने खुद फांसी लगाई होती, तो उसके गले पर स्पष्ट निशान होते, लेकिन उनके अनुसार, उसकी गर्दन पर ऐसे कोई निशान नहीं थे। बल्कि, सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जो यह इशारा करते हैं कि उसके साथ कोई अप्रिय घटना हुई है। परिवार ने शिवानी के पति रामेश्वर लोधा, उसके ससुर चैन सिंह और अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज कॉर्नर

### सकतपुर में गौ रक्षा यज्ञ का आयोजन

**गुना।** मां श्री सुवार्चला सिद्ध गौधाम ग्राम सकतपुर में नवरात्रि के पावन पर्व पर तृतीय दिवस में सुंदरकांड का पाठ हवन सहित किया गया। यजमान अन्नू पंडा, जिला सदस्य संतोष धाकड़, सीएमओ तेज सिंह यादव, सतीश शिवहरे, भगवत बडोनिया, प्रशांत, अभय सिंह एवं मां श्री सुवार्चला सिद्ध गौधाम समिति के सदस्य राजू कुशवाह, नितपल सिंह जाट, पंडित विवेक महाराज एवं समस्त ग्रामवासी ने बड़ी धूमधाम से गौ माता का पूजन नवरात्रि पर्व पर किया गया।

### प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन बच्चों को लगाया तिलक

**राघौगढ़ ।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के द्वितीय दिवस भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हरस्वरूप शर्मा सहायक प्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना राघौगढ़ का मार्ग दर्शन बच्चों को प्राप्त हुआ। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि द्वारा न केवल अपने अनुभव साझा किए अपितु बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी भी प्रदाय की गई। साथ ही बच्चों को डिजिटल साक्षरता, सायबर क्राइम, व्यावसायिक शिक्षा, ए आई एवं यांत्रिकी क्षेत्र में बेहतर भविष्य की जानकारी दी।

### टी-स्टाल की दुकान पर मिली अवैध शराब

**गुना।** चांचौड़ा थाना क्षेत्र के एबी रोड कालापहाड़ स्थित पीताम्बरा टी-स्टाल और कोल्ड ड्रिंक्स की दुकान पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बिना लाइसेंस शराब बेचने का मामला पकड़ा। दुकान में एक कार्टून में पावर बीयर की 12 बोतल और एक कार्टून में हंटर बीयर के 6 केन बरामद किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस एसडीओपी महेंद्र सिंह गौतम द्वारा ग्राम कालापहाड़ स्थित ढाबों पर बिना लाइसेंस शराब बिक्री की सूचना मिलने पर पुलिस टीम के साथ मौके पर रवाना होकर जांच की गई। चेकिंग के दौरान पीताम्बरा टी-स्टाल के संचालक से पूछताछ की गई, रानू उर्फ रणधीर पुत्र रामसिंह मीना निवासी खातोली, थाना चांचौड़ा, जिला गुना बताया। आरोपी के कब्जे से पावर बीयर की 12 बोतल और हंटर बीयर के 6 केन, जिनकी कीमत लगभग 3600 रुपये है।

### भोपाल की युवती गुना में स्पा सेंटर की आड़ में करा रही थी देह व्यापार

# ग्राहक बनकर गया आरक्षक तो मिला सेक्स रैकेट

**जागरण, गुना।** गुना में एक स्पा सेंटर से दो युवक और दो युवतियां पकड़ाई हैं। चार मंजिला बिल्डिंग में भोपाल की युवती (27) स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक कार्य करवा रही थी। उसके साथ ग्वालियर की भी एक युवती (23) भी थी। लोगों को सेंटर के अंदर भेजने से पहले उनके मोबाइल चैक किए जाते थे। थाना प्रभारी ब्रजमोहन भदौरिया ने बताया कि काफी दिनों से इसकी शिकायत आ रही थी। बुधवार को हमने अपने एक आरक्षक को ग्राहक बनाकर भेजा और स्पा सेंटर की सच्चाई सबके सामने लाए। मौके से आपत्तिजनक सामाग्री भी जप्त की है। पकड़े गए सभी लोगों पर देह व्यापार की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### दो लोग थे पहले से अंदर

शहर की अनुराधा गली में एक चार मंजिला बिल्डिंग में पेरिस थाई स्पा एंड सैलून नाम से स्पा सेंटर संचालित किया जा रहा था। कई दिनों से यहां अनैतिक काम होने की सूचना मिल रही थी।



गुना। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महिलाएं।

बुधवार को कुछ ग्राहक मसाज कराने के नाम पर वहां गलत काम करने पहुंचे थे। पुलिस ने सच्चाई जानने के लिए एक आरक्षक को ग्राहक बनाकर भेजा। उस समय सेंटर पर म्याना के रहने वाले 33 और 18 वर्षीय दो युवक अंदर वाले कमरे में थे, इसलिए आरक्षक को वेटिंग में बैठाया गया। उन दोनों के बाद आरक्षक को अंदर बुलाया गया। आरक्षक का भी मोबाइल चेक किया गया। जैसे ही आरक्षक अंदर पहुंचे, 15 पुलिसकर्मियों ने छापा मार दिया।

### नशा देकर कराते थे धंधा

बचपन में मुझे मां-बाप का प्यार नहीं मिला। मामा के घर आसरा लिया तो उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। उसके चंगुल से भागना चाहा तो ऐसे दलदल में फंस गई कि मुझे 7 राज्यों के 25 शहरों में बेचा गया। 100 से ज्यादा बार रेप हुआ।' ये दर्द बयां किया है 18 साल की एक लड़की ने, जो दो साल तक तस्करों की कैद में रही।

## अक्षय तृतीया पर होंगे निशुल्क विवाह

**गुना।** हर साल की तरह इस साल भी मैथिल ओझा समाज द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन अक्षय तृतीया के अवसर पर 30 अप्रैल को होगा। आयोजन ओझा समाज मित्र मंडल सेवा समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है। समाज के पदाधिकारियों ने पाएगा मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रथम निमंत्रण पूजन कर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। इस वर्ष सम्मेलन के संयोजक भूरेलाल ओझा होंगे, जबकि सहसंयोजक ओमप्रकाश ओझा को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी नन्नू लाल ओझा को सौंपी गई है, वहीं सह कोषाध्यक्ष विजय ओझा होंगे। सम्मेलन अध्यक्ष बनवारी लाल ओझा को बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष पद पर चंद्र मोहन ओझा और कल्याण ओझा को नियुक्त किया गया है। युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और समाज में एकता स्थापित करने के उद्देश्य से हाल ही में युवा मंडल का गठन किया गया है। गुना जिले के युवा मंडल अध्यक्ष के रूप में सोनू ओझा को चुना गया है।

# दिव्यांगों ने घेरा कमला बस को पूरा किराया वसलूने के आरोप



**जागरण, गुना।** ग्वालियर से गुना आ रही कमला बस के द्वारा एक दिव्यांग से पूरा किराया लेने पर गुस्साए दिव्यांगों ने हनुमान चौराहे पर बस को दो घंटे तक रोके रखा तथा संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आरटीओ को मौके पर बुलाने हेतु अड़े रहे। इसके बाद आरटीओ ने अपने प्रतिनिधि के रूप में विवेक दुबे को हनुमान चौराहे पर भेजा इसके बाद दिव्यांगों ने आरटीओ से फोन पर बात की तथा आरटीओ द्वारा बस ऑपरेटर पर चालानी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर तथा सभी बस वालों को निर्देश देने के आश्वासन दिये जाने पर बस को छोड़ा। मामला दिव्यांग स्वाभिमान यात्रा के अध्यक्ष मलखान सिंह यादव से जुड़ा है। मलखान सिंह यादव एक पैर से दिव्यांग है जो ग्वालियर से कमला बस में बैठकर गुना आ रहे थे। दिव्यांग सर्टिफिकेट बताने के बावजूद बस कंडक्टर ने दिव्यांग से पूरा किराया लिया तथा अपशब्द भी कहे इससे दिव्यांगों में गुस्सा भड़क गया और हनुमान चौराहे पर बस को 2 घंटे तक रोके रखा आरटीओ के आश्वासन के बाद बस को छोड़ा। मध्य प्रदेश की बसों में दिव्यांगों के लिए पांच सीटों का आरक्षण एवं 50 पर्सेंट छूट का प्रावधान है।

# भ्रष्टाचारियों को सरकारी संरक्षण का आरोप, कांग्रेस का प्रदर्शन



**जागरण, गुना।** मप्र परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथियों को लोकायुक्त द्वारा 60 दिन में चालान पेश न करने के कारण जमानत मिल गई है। इस मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे पर प्रदर्शन किया, जहां भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार की नई परतें खुल रही हैं, लेकिन सरकार भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक घोटाले का नहीं, बल्कि पूरे सरकारी तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा शासन में बड़े आर्थिक अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है, जिससे लोकायुक्त जैसी एजेंसियां भी निष्पक्ष कार्रवाई करने में असफल हो रही हैं। सौरभ शर्मा और उसके साथियों पर 52 किलो सोना, करोड़ों की नकदी और रियल एस्टेट में किए गए भारी निवेश का मामला सामने आया था। कांग्रेस का आरोप है कि लोकायुक्त ने जानबूझकर चालान पेश नहीं किया, जिससे उन्हें जमानत मिल गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह साफ दर्शाता है कि भ्रष्टाचार के तार केवल कुछ अधिकारियों तक सीमित नहीं हैं।

## पारदियों से 16 एंड्रॉयड 4 कीपैड मोबाइल जब्त

**गुना।** केंट थाना पुलिस ने चोरी के मोबाइल बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आरोपी के घर से 16 एंड्रॉयड और 4 कीपैड मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम नानाखेड़ी ड्यूटी के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान नानाखेड़ी चौकी पर मुखबिर से सूचना मिली कि देवेंद्र पारदी चोरी के मोबाइल बेचने का काम कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची। यहां संदेही देवेंद्र सोलंकी घर के बाहर बैठा था, जो पुलिस वाहन देखते ही भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में वह घबराने लगा और पुलिस को देखकर भागने का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। उसने बताया कि उसके भतीजे अनुज पारदी, वीरेंद्र पारदी, विजय पारदी और लक्की पारदी के साथ मिलकर शहर के कई स्थानों से मोबाइल चोरी किए थे और उन्हें ग्राहक मिलने पर बेचते थे। आरोपी के घर की तलाशी लेने पर टीवी के पीछे एक महरून रंग की पोटली में 16 एंड्रॉयड मोबाइल, 4 कीपैड मोबाइल, 1 पावर बैंक और 5 जेंट्स हाथ घड़ियाँ मिलीं। आरोपी ने कबूल किया कि ये सभी चोरी के हैं।

# नगरपालिका ने टेकरी समिति को सौंपा इलेक्ट्रिनिक कचरा वाहन



**जागरण, गुना।** टेकरी मेला की व्यवस्थाओं को लेकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, टेकरी समिति अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता, नपा तेज सिंह यादव एवं टेकरी समिति सदस्यों द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले टेकरी मेले के संबंध में व्यवस्थाओं पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की घोषणा के अनुरूप बुधवार को एक इलेक्ट्रिक कचरा गाड़ी टेकरी समिति को भेंट की। टेकरी समिति द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष का फूल माला भेंटकर आभार व्यक्त किया , उसके पश्चात सभी सदस्यों ने टेकरी मंदिर प्रांगण एवं मेला ग्राउंड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा नगर पालिका अमले को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल व्यवस्था के लिए जल प्रकोष्ठ प्रभारी संचित डिमरी, विद्युत व्यवस्था के लिए नरेंद्र नोनेरिया, एवं स्वच्छता के लिए उपयंत्री नितिन चंदेल को निर्देशित किया । नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका टेकरी मेले में प्रतिवर्ष की भांति अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करेगी एवं जो भी सहयोग टेकरी समिति द्वारा नगर पालिका से मांगा जाएगा,वह प्रदान किया जाएगा ।

## शहर में बढ़ी चोरी की वारदातें, 2 जगह चोरी

**गुना।** शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातें सामने आई हैं। एक मामले में बैंक के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई, जबकि दूसरे मामले में निर्माणाधीन मकान से एसी की कॉपर वायर और अन्य तार चोरी कर लिए गए। पहली घटना गत शाम करीब 6=10 बजे की है। फरियादी बंटी पुत्र कैलाश सिंह राजपूत निवासी हनुमान टेकरी रोड, मर्दन सिंह की वाड़ी, बुढ़े बालाजी, गुना ने पुलिस को बताया कि वह अपनी होंडा शाइन मोटरसाइकिल एमपी 08-0194 को ए.बी. रोड स्थित बैंक के बाहर लॉक करके बैंक के अंदर चला गया था। जब कुछ देर बाद वापस आया, तो बाइक वहां से गायब थी। बाईक सुराग न मिलने पर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरी घटना कोकाटे कॉलोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान की है। वहां से एसी की कॉपर वायर और अन्य बिजली की वायर चोरी हो गया। इस दौरान मकान का चौकीदार होली के लिए अपने गांव गया हुआ था, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया।

### नानाखेडी मंडी में गेहूं की बंपर आवक, शनिवार-रविवार को फिर मंडी बंद

# 45 हजार गेहूं और 20 हजार बोरा धनिया की हुई डाक

**जागरण, गुना।** पांच दिन के अवकाश के बाद गुना की नानाखेड़ी उपज मंडी में किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार शाम से ही करीब 1500 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां मंडी में पहुंच गईं, जिससे मंडी पूरी तरह भर गई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को दशहरा मैदान में खड़ा करवाया, जहां किसानों के लिए पानी और लाइट की व्यवस्था की गई। गुरूवार को दशहरा मैदान पर खड़े लगभग 600 ट्रैक्टर-ट्रालियों की डांक दशहरा मैदान पर ही होगी। हालांकि, बदलते मौसम के कारण किसानों में इस बात की चिंता बनी हुई है कि अगर बारिश हो गई तो उनकी उपज खराब हो सकती है और उन्हें बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।



जैसा कि अंदाजा लगाया गया था कि बुधवार को मंडी में बंपर आवक के चलते जाम की स्थिति बन सकती है और हालात बिगड़ सकते हैं, लेकिन आवक उम्मीद के अनुसार न होने से ऐसे हालात पैदा नहीं हो सके। मंडी में आवक सामान्य तौर पर ही रही और कुल मिलाकर लगभग 70 हजार बोरा अनाज की आवक हुई। चूंकि गेहूं के ट्रैक्टर-ट्राली मंगलवार से ही दशहरा मैदान पर खड़े होना शुरू हो गए थे, इसलिए कोई समस्या पैदा नहीं हुई, दूसरी तरफ मंडी प्रशासन भी सभी तरह से मुस्तैद था। अब प्रशासन ने किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दशहरा मैदान में लाइट और पानी की उचित व्यवस्था करवाई है, लेकिन किसानों का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी चिंता खराब मौसम है। मौसम में अचानक बदलाव होने और बारिश की संभावना को देखते हुए किसान परेशान हैं। कई किसान अपनी उपज की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए और जल्द से जल्द अनाज की बिक्री की मांग कर रहे हैं। किसानों ने यह भी बताया कि मंडी में अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। अगर जल्द बोली नहीं लगाई गई, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है।

### आज नहीं रहेगा दबाव

बुधवार की शाम को बादल गरजने के साथ बारिश की शुरूआत के कारण गुरूवार को मंडी में आवक का दबाव कम ही रहेगा। बुधवार शाम तक दशहरा मैदान पर कुल 500 ट्रैक्टर-ट्राली खड़े थे, जबकि मंडी परिसर खाली था। पानी के डर से किसान गुरूवार को अपने माल की मंडी कराने की रिस्क नहीं ले सकने से आवक कम होगी।

### दो दिन फिर मंडी रहेगी बंद

दिनांक 5 अप्रैल शनिवार को दुर्गा अष्टमी होने के कारण तथा 6 अप्रैल को रविवार होने से मंडी फिर से दो दिन के लिए बंद रहेगी। दो दिन नीलामी होने के बाद फिर सोमवार को नीलामी होगी।

# मांझी समाज ने सत्संग भवन में मनाई निषादराज जयंती




**जागरण, गुना।** वनवास के दौरान भगवान राम, लक्ष्मण एवं माता सीता को गंगा नदी पार करवाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले निषादराज मांझी केवट समाज के गौरव हैं उनसे हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। उन्हीं के निर्देश पर केवट जी ने वनवासी राजा राम को मां गंगा की अविरल धारा पार कराने का पुण्य कार्य किया था। यह विचार बुधवार को हनुमान चौराहा स्थित सत्संग भवन में आयोजित निषादराज जयंती समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। जयंती समारोह में सबसे पहले समाज जनों द्वारा निषादराज के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कैलाश नारायण मांझी, लक्ष्मी नारायण केवट, भगवान लाल केवट, राधेश्याम केवट, जगदीश प्रसाद सेलर और देवी शंकर कश्यप मौजूद रहे। इसके अलावा जिले से आए समाज जनों नें शिरकत की और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान समाज जनों ने गुना शहर में निषादराज चौराहा निर्माण कराने संबंधी योजना पर चर्चा की।